137

**दिनांक–12.01.2026 को श्री हिमांशु कुमार राय, भा0प्र0से0, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा की अध्यक्षता में दरभंगा प्रमंडल अन्तर्गत वन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थिति –** पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की गई।

- वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर, वन प्रमंडल एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला वन प्रमंडल द्वारा यह बात बिंदु उठाये गये कि उनके किन्ही भी प्रक्षेत्र कार्यालय की संरचना उपलब्ध नहीं है। इस हेतु सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि प्रमंडल अंतर्गत आठ प्रक्षत्र यथा– दरभंगा, बेनीपुर, मधुबनी, झंझारपुर, बेनीपट्टी, समस्तीपुर, दलसिंहसराय, रोसड़ा हेतु एक–एक एकड़ भूमि संबंधित प्रखंड मुख्यालय के 05 कि0मी0 की परिधि मे अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

(**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा / मधुबनी / समस्तीपुर)

- वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला वन प्रमंडल द्वारा बताया गया कि विभिन्न हित धारकों जैसे स्कूल / कॉलेज / लोकल एन0जी0ओ0 / किसानों आदि के बीच काफी बड़ी मात्रा में पौधों की वितरण किया जाता है, जिस हेतु कोई स्थानीय स्थायी पौधशाला (Nursery) उपलब्ध नहीं है साथ ही स्थानीय डिपो (Depot) की भूमि भी उपलब्ध नहीं है।

उक्त के क्रम में संयुक्त पौधशाला (Nursery) –सह– डिपो (Depot) हेतु प्रमंडल अंतर्गत हर प्रखंड में [प्रखंड मुख्यालय के 05 कि0मी0 की परिधि में] एक–एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

इस क्रम में तीनों जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि संयुक्त पौधशाला–सह–डिपो हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक–एक एकड़ की भूमि (बाढ़ रहित) यथाशीघ्र संबंधित जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

(**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा / मधुबनी / समस्तीपुर)

136

- आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा तीनों जिला हेतु ''नगर वन'' के पहल के संबंध में दोनों वन प्रमंडल पदाधिकारी को निदेश दिये गये।

उक्त के क्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला एवं समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि ''नगर वन'' के प्रस्ताव हेतु कम से कम 05 हे0 भूमि की आवश्यकता होगी।

इस क्रम में तीनों जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि कम से कम 05 हे0 (प्रति जिला) भूमि जिला मुख्यालय से 05 कि0मी0 की परिधि में यथाशीघ्र दोनों वन प्रमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध करायी जाय।

(**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा/मधुबनी/समस्तीपुर)

- वृक्ष सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की गयी जिस संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा यह बताया गया कि योजनाओं की स्वीकृति वन संरक्षक, मुजफ्फरपुर द्वारा दी जाती है। इस आशय में दोनों वन प्रमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि उक्त योजनाओं की सूची इस कार्यालय को भी उपलब्ध करायें।

(**अनुपालन**–वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला वन प्रमंडल, एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर वन प्रमंडल)

- सभी ईंट भट्ठों एवं अन्य प्रदूषण फैलाने वाले इकाईयों द्वारा उत्सर्जित अपशिष्ट जैसे एकल उपयोग प्लास्टिक, बायोमेडिकल कचड़ा, तरल कचड़ा के निपटान के संबंध में दोनों वन प्रमंडल पदाधिकारी को कार्रवाई करने हेतु निदेश दिये गये। इस संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रवर्तन में उनकी भूमिका नगन्य है क्योंकि प्रर्वतन पदाधिकारी के रूप में नामित नहीं किया गया है।

इस संबंध में प्रमंडल अंतर्गत तीनों जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वन अधिकारी जैसे जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, सहायक वन संरक्षक, रेंज अफिसर्स, वनपाल को प्रर्वतन संबंधी शक्तियों को प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग को पत्र भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जल–जीवन–हरियाली योजना, नमामि गंगे योजना, वानिकी योजना की भी समीक्षा की गयी है।

(**अनुपालन**–जिला पदाधिकारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर)

135

बैठक में उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी, दरभंगा एवं समस्तीपुर को यह भी निदेश दिया गया कि :–

01. प्राकृतिक वन क्षेत्र के बाहर वानिकी योजनान्तर्गत पथ तट वर्षाकालीन वृक्षारोपण का कार्य ससमय पूर्ण किया जाय।

02. वित्तीय वर्ष 2025–26 में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत हितधारकों को मांग के अनुरूप किये जा रहे पौधों का वितरण त्वरित गति से करने का निदेश वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला एवं समस्तीपुर को दिया गया।

03. वित्तीय वर्ष 2025–26 में राजस्व संग्रहण लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने का निदेश वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला एवं समस्तीपुर को दिया गया।

04. नमामि गंगे योजना अंतर्गत वसंतकालीन बांस, गैबियन वृक्षारोपण कार्य में तेजी लाने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला एवं समस्तीपुर को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

05. कैम्पा योजना अंतर्गत पथ तट वर्षाकालीन बांस, गैबियन वृक्षारोपण संबंधी लंबित कार्य को अविलंब कराने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला एवं समस्तीपुर को निदेश दिया गया।

**अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

R.D.O.

2.2.26

(हिमांशु कुमार राय, भा०प्र०से०)
आयुक्त,
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

**ज्ञापांक** :–.........120...    /दिनांक–......02.02.2026

**प्रतिलिपि** :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, मिथिला वन प्रमंडल, दरभंगा एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर वन प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– जिला पदाधिकारी, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

R.D.O.

2.2.26

आयुक्त,
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।